**कार्यक्रम** ▶ दिगम्बर जैन समाज के धार्मिक पर्व दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ

# क्षमा ही धर्म का मूल आधार है : समयसागर



**जबलपुर।** दिगम्बर जैन समाज के धार्मिक पर्व दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ सोमवार को डी. एन. जैन महाविद्यालय परिसर में धूमधाम से हुआ। प्रथम दिवस उत्तम क्षमा धर्म को समर्पित रहा। इस अवसर पर आयोजित विशाल धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि क्षमा ही धर्म का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि हम सभी वर्षों से क्षमा माँग रहे हैं और क्षमा कर रहे हैं, लेकिन फिर भी हमारे भीतर से क्रोध क्यों समाप्त नहीं हो पाया, यह आत्मचिंतन का विषय है। आचार्यश्री ने स्पष्ट किया कि उत्तम क्षमा का अर्थ केवल औपचारिक क्षमायाचना नहीं, बल्कि प्रत्येक प्राणी के प्रति बिना किसी स्वार्थ या लौकिक प्रयोजन के क्षमा भाव रखना है। आचार्यश्री ने कहा कि श्रमण मुनि दिन में तीन बार प्रतिक्रमण करते हैं और भगवान से प्रार्थना करते हैं हे प्रभु! मेरा किसी भी जीव के प्रति बैरभाव न रहे, सबके प्रति मैत्रीभाव बना रहे। यही भाव हमें भी अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षमा माँगना और क्षमा करना दोनों ही विनम्रता का प्रतीक हैं। जब तक मनुष्य भीतर से प्रभु के प्रति नतमस्तक नहीं होता, तब तक वह दूसरों के प्रति बैरभाव से मुक्त नहीं हो सकता। प्रथम दिवस की धर्मसभा में आचार्यश्री के ओजस्वी प्रवचनों ने उपस्थित समाजबंधुओं को जीवन में क्षमा धर्म अपनाने की प्रेरणा दी। महापर्व के आगामी दिनों में मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य धर्मों पर प्रवचन आयोजित किए जाएंगे।

### क्षमा का अर्थ केवल शब्दों में माफी माँगना नहीं

धर्मसभा में आचार्यश्री ने यह भी कहा कि क्षमा केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह जीवन का स्थायी संस्कार बनना चाहिए। क्षमा का अर्थ केवल शब्दों में माफी माँगना नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म से बैरभाव को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सच्चे हृदय से क्षमा भाव धारण कर ले, तो समाज से हिंसा, ईर्ष्या और कलह स्वतः समाप्त हो जाएगा।

### ध्वजारोहण और धार्मिक अनुष्ठान

प्रात:काल महापर्व का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जो रायसेठ चंद्रकुमार ने संपन्न किया। पंडाल का उद्घाटन आलोक जैन द्वारा किया गया। आचार्यश्री का पाद-प्रक्षालन एवं शास्त्र वंदन का सौभाग्य सुनील एवं सुधीर भाई को प्राप्त हुआ।शिविर के पुण्यार्जक चंद्रकुमार सिंघई, पवन जैन और सौरभ जैन रहे। धर्मसभा का संचालन ब्रह्मचारी बिनय भैयाजी और अमित पडरिया ने किया।

# घर में पधारो गजानन जी, मेरे घर में पधारो..

▶ विघ्नहर्ता के आगमन के साथ गणेश महापर्व की धूम

**नवभारत, जबलपुर।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व से घर- घर बप्पा के आगमन के बाद भगवान गणेश महापर्व की धूम शुरू हो गई है। सुबह से ही पूजन अर्चन की तैयारी में पूरा परिवार लगा रहता है, साथ ही महिलाओं द्वारा लड्डू मोदक का प्रसाद घर में ही तैयार करके भगवान को भोग लगा रहे हैं। इसके अलावा शहर के पंडालों में भी गणपति की मूर्ति आगमन के साथ दस दिनों का महापर्व शुरु हो गया है। गणेश उत्सव की धूम से संस्कारधानी भक्तिमय माहौल में डूब जायेगी। उल्लेखनीय है कि दस दिन के गणपति महोत्सव के तहत घरों से लेकर पंडालों तक में गजानन की पूजा-आराधना होती है। पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बूढ़ों-महिलाओं में जबरदस्त उत्साह की लहर है।



### संस्कारधानी के महाराजा प्रथम दर्शन का आयोजन

संस्कार सेवा उत्सव समिति द्वारा गणेश जी के प्रथम दर्शन का भव्य आयोजन मालवीय चौक में किया गया। यह आयोजन बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लेकर गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चैतन्यनंद महाराज ने अपने आशीर्वचन से सभी को धर्म, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। पूरे आयोजन की अगुवाई समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधांशु गुप्ता ने की और अपने नेतृत्व में इसे ऐतिहासिक रूप दिया।

### मिट्टी की प्रतिमा स्थापित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत माता गुजरी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मिट्टी की गणेश प्रतिमा महाविद्यालय में स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार, प्राचार्य डॉ संगीता झांब एवं रजिस्ट्रार डॉ सत्येन्द्र कुररिया के मार्गदर्शन तथा एनएसएस प्रभारी डॉ अल्पना सिंह और कार्यक्रम अधिकारी सविता पहारिया के निर्देशन में हुआ। आयोजन में डॉ गणेश दुबे, राफेल परस्ते, प्रभात केवट, डॉ श्रुति पुंज एवं राकेश तिवारी, छात्राओं में नैंसी, खुशी, महिमा, प्राची,सुरभि, वंशिका एवं अन्य स्वयंसेवकों का योगदान रहा।



# परमवीर चक्र विजेता करेंगे खिलाड़ियों को सम्मानित

▶ महाकोशल क्रीड़ा परिषद् का 26वाँ खेल अलंकरण समारोह आज



**नवभारत, जबलपुर।** हॉकी खेल के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाकोशल क्रीड़ा परिषद् के तत्वाधान में आज मानस भवन में शाम 6.बजे से महाकोशल खेल रत्न अलंकरण समारोह 2025 का शुभारंभ लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत भारतीय सेना के परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र सिंह यादव, अर्जुन अवार्ड पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सैयद जलालुद्दीन रिजवी की उपस्थिति में होगा। सम्मानितों में 8 महिला, 21 पुरुष शामिल हैं। महाकोशल क्रीड़ा परिषद् के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, संरक्षक विवेक कृष्ण तन्खा, राज्यसभा सांसद, जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर नगर निगम, सौरभनाटी शर्मा, शहर कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष, संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्र, आयोजन समिति अध्यक्ष अभिनव जैन, संयोजक रवि पटैल, आरिफ बेग, सचिव वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष मनोज सेठ, सत्येंद्र ज्योतिषर्षी, रोहित यादव, महासचिव राजेश राजपूत, आशीष तिवारी, कोषाध्यक्ष हेमन्त नायडू, सह सचिव योगेन्द्र तिवारी, आलोक असाटी, रोहित चौपड़ा, लोकमान पटेल, शकील अनवर ने खेल धानी जबलपुर के इस भव्य समारोह में खेल प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

## रीवा मुंबई स्पेशल की सेवा में विस्तार

**जबलपुर।** यात्रियों की मांग को देखते हुए और आगामी त्यौहारों एवं रेलवे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के उद्द्येश्य से रेल प्रशासन ने चल रही स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं की अवधि को विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ टर्मिनेट होने वाली गाड़ी सांख्य 02187/88 रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। विस्तारित स्पेशल ट्रेन के कोच सरंचना, समय और ठहराव में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का हो त्वरित समाधान

▶ नवागत मुख्य महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की नवागत मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती सम्पदा सराफ ने मंगलवार को पदभार ग्रहण करने के पश्चात कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासन कार्यालय, 1912 कॉल सेंटर तथा पालना घर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान श्रीमती सराफ ने संबंधित अनुभागों की कार्यप्रणाली एवं उपभोक्ता सेवा एजेंट द्वारा लिए जा रहे कॉल्स, शिकायत निवारण तंत्र एवं पालनाघर की सुविधाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा प्रत्येक क्षेत्र में सेवाओं की गुणवत्ता और कार्यकुशलता में निरंतर सुधार के निर्देश दिए, साथ ही विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्राथमिकता आधारित कार्यवाही के निर्देश भी दिए । उन्होंने क्विक डेस्क हेल्पलाइन पर उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निवारण, लंबित मामलों का समाधान और कार्यों को समय-सीमा में निष्पादित के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पालनाघर की व्यवस्थाओं की भी सराहना की और बच्चों की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । यह निरीक्षण कंपनी की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता एवं उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने तथा मानव संसाधनों के क्षमता विकास की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है ।


### एक नजर में



### इंजीनियरिंग विभाग में नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन

**नवभारत, जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने जबलपुर रेल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में एक नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन किया। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने कहा कि यह नवनिर्मित हॉल रेलवे के विकास और प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह हॉल रेलवे के कार्यों में और अधिक सुधार लाने में मदद करेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर जे पी सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत साहू, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर श्री स्वप्निल पाटिल, मंडल अभियंता पी के श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण एवं इंजीनियरिंग कर्मचारी उपस्थित थे।

### बुंदेली दिवस समारोह 1 सितंबर को



**नवभारत, जबलपुर।** बुंदेली लोक साहित्य के विद्वान,भाषा विज्ञानी डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव की 109 वीं जयंती एवं 36 वां बुंदेली दिवस समारोह सोमवार 1 सितंबर को संध्या 6.30 बजे से शहीद स्मारक भवन में गुंजन कला सदन एवं नगर की संस्थाओं द्वारा आयोजित है । इस अवसर पर स्मृति शेष डॉ. श्रीवास्तव की पुस्तक पर्यावरण = महत्व एवं संरोधन के विमोचन के साथ ही देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों के विद्वानों का अभिनंदन किया जाएगा । बुंदेली गीतों एवं नृत्यों के साथ ही पूर्व में सम्पन्न चित्रकला एवं बुंदेली नृत्यश्री प्रतियोगिता के विजेता भी पुरस्कृत होंगे ।

# फिट जबलपुर साइक्लोथॉन कल



**नवभारत, जबलपुर।** महाकौशल क्रीड़ा भारती एवं ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल के संयुक्त तत्वधान में खेल दिवस के उपलक्ष में जबलपुर को फिट रखने और स्वास्थ्य के लिए जागरुक रखने के लिए कल 30 अगस्त को सुबह 7-30 बजे वृहद साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय लेखक एवं प्रेरक डॉक्टर अनुराग सोनी ने बताया कि इस साइक्लोथॉन रेली में लगभाग 1000 जबलपुरवासी भाग लेंगे। इस रेली में शहर के नागरिक भी उपस्थित रहेंगे। विद्यार्थी एवं अभिभावक हर उम्र के लोग नि:शुल्क इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। जबलपुर में कुछ स्थानों पर रेली का स्वागत रोटरी क्लब एवं भारत प्रथम फाउंडेशन के द्वारा किया जाएगा। रेली का शुभारंभ शनिवार को सुबह 7.30 बजे से ब्रिटिश फोर्ट स्कूल राइट टाउन से प्रारंभ होकर तीन पत्ती, यातायात चौक, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, रसल चौक से तीन पत्ती, शास्त्रीं ब्रिज होकर वापस राइट टाउन ब्रिटिश फोर्ट स्कूल में समाप्त होगी। इस रेली में प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी बांटें जाएंगे। इस अवसर पर महाकौशल क्रीड़ा भारती के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ विभाग संयोजक अनंत डीके, डॉ. प्रकाश धीरा वाणी, प्रकाश विस्पुते, संजय, सुभाष मांझी, मनोज ठाकुर, नीलेश रावल, विनोद कुमार, नियामक आयोग के अध्यक्ष भीष्म भी उपस्थित थे।

## दिल्ली में होगा राष्ट्रीय अधिवेशन

**जबलपुर, नवभारत।** इस बार दिल्ली मे होने वाले रेल कर्मचारियों के सबसे बड़े अधिवेशन में हज़ारो कर्मचारी शामिल होने जा रहे हैं। उत्तर रेलवे मज़दूर यूनियन की मेजबानी में नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन (एनएफ आईआर)) का 31वां राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 2 से 4 सितम्बर तक नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस अधिवेशन में पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर सहित देशभर से करीब 12 हजार रेलकर्मी हिस्सा लेने आ रहे हैं। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कर्मचारियों की कई अहम समस्याओं और मांगों पर चर्चा होगी।

## पूर्व क्षेत्र कंपनी के दो कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से दो कार्मिक आज 29 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे है । जिसमें अरविन्द कुमार शर्मा मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (ज.क्षे.) जबलपुर में कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत अरविंद कुमार शर्मा 41 वर्ष 6 माह की सेवा के उपरांत एवं राकेश सिंह चौहान मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (संचा./ संधा.) जबलपुर में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत राकेश सिंह चौहान 35 वर्ष 3 माह की सेवा के उपरांत आज 29 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे है ।

## दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**नवभारत, जबलपुर।** श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर (इंडिया) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 29-30 अगस्त को श्री राम कॉलेज परिसर के ऑडीटोरियम हॉल में किया जा रहा है। यह अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (द एआई रिवोल्यूशन = रीडेफिनिंग ग्लोबल प्रोग्रेसेस) विषय पर आयोजित की गई है, जिसका शुभारंभ प्रात: 10 बजे से होगा। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश वर्मा (कुलगुरु, आरडीवीवी), विशिष्ट अतिथि डॉ. जीएस तोमर (चेप्टर हेड-आईईईई एमपी) एवं चेयरमैन आर. करसोलिया होंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विदेशों के अनेक सदस्य भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही कॉलेज के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल, डायरेक्टर डॉ. योगेश मोहन दुबे, प्राचार्य डॉ. शैलेष गुप्ता, डॉ. समीर वैद्य, डॉ. अविनाश गौर, डॉ. अतुल दुबे, प्रो. निधि मिश्रा, डॉ. नाजनीन दुबे, डॉ. रीतेश यादव, डॉ. अरुण पटैल, डॉ. भरत सोलंकी, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. प्रशांत शर्मा, डॉ. सपना जैन चौधरी उपस्थित रहेंगे। इस संगोष्ठी में 1000 से अधिक रिसर्च पेपर आए हैं।

# गुरु तेग बहादुर शताब्दी शहीदी दिवस पर होंगे आयोजन

**जबलपुर।** भारतीय संस्कृति के रक्षक मानवाधिकार संरक्षक एवं धार्मिक स्वतंत्रता के महानायक श्री गुरु तेगबहादर साहिब जी के 350 वें शताब्दी शहीदी दिवस पर संस्कारधानी में लगातार 3 माह तक विविध आयोजन किए जाएंगे । सिख समाज के मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह भोगल ने बताया कि 3 सितंबर को सिख नारी मंच द्वारा एल्गिन हस्पताल के सहयोग से गुरुनानक स्कूल मड़ताल में एवं 20 सितंबर को माता गुजरी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर लगेगा, 12 अक्टूबर कोसमरसता सेवा संस्थान द्वारा समन्वय सेवा सदन छोटी लाइन गोरखपुर में विचार संगोष्ठी होगी। 26 अक्टूबर को गुरुनानक महाविद्यालय में अंतरविद्यालयीन परिचर्चा गुरु तेग बहादर - धर्म की चादर विषय पर होगी । 2 नवंबर को ब्लड डोनेशन कैंप रैड क्रास सोसायटी व सिख नारी मंच द्वारा गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज महानद्दा में लगाया जाएगा । 9 नवंबर को अंतर महाविद्यालयीन परिसंवाद मानवाधिकार और गुरु तेग बहादर साहिब विषय पर गुरु तेग बहादर खालसा कॉलेज महानद्दा में होगा । 16 नवंबर को मैराथन रेस माता गुजरी कालेज से शुरू होकर मालवीय चौक, रसल चौक, सदर, गोरखपुर होते हुए प्रेमनगर में समाप्त होगी इसमें सिख स्पोर्ट्स एसोसिएशन, सभी समाजों के प्रतिनिधिगण एवं स्कूल,कालेज के नौजवानों का सहयोग रहेगा । 23 नवंबर को गुरुद्वारा प्रेमनगर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी केश्रृंखलाबद्ध 350 सहज पाठ साहिब की समाप्ति पर अलौकिक कीर्तन दरबार एवं सम्मान समारोह होगा। 24 ,25 एवं 26 नवंबर को तीन दिवसीय मुख्य शताब्दी शहीदी गुरमत समागम गुरुद्वारा प्रेमनगर परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें रागी जत्था,विश्वविख्यात प्रचारक सरबजीत सिंघ धूंदा, अकाल अकादमी बड़ू साहिब हिमाचल प्रदेश का 27 सदस्यीय सीनियर कवीशरी दल शामिल होगा । 26 नवंबर को मार्शल आर्ट गतका, लिपी, पाठ, व कीर्तन कैंप अकाल अकादमी हिमाचल प्रदेश द्वारा गुरुद्वारा ग्वारीघाट में आयोजित होगा । मुख्य आयोजक सिख सेवक जत्थे के अध्यक्ष मनमोहन सिंह एवं समिति ने साध संगत के साथ ही नगरवासियों से उपस्थिति एवं सहयोग की अपील की है।

**बैठक** ▶ विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यों,बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षकों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया

# आधार अपडेशन के साथ अन्य कार्य समय सीमा में करें पूर्ण



**नवभारत, जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शहरी क्षेत्र विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यों,बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षकों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं डीपीसी योगेश शर्मा ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों का आधार अब विद्यार्थियों के द्वार अभियान अंतर्गत शहरी क्षेत्र में आधार अपडेशन के कार्य में तेजी लाएं, जिससे समस्त पात्र छात्र-छात्राओं को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। डीईओ एवं डीपीसी ने गणवेश के लिए समग्र आईडी का निर्माण एवं अकाउंट अपडेशन,यू डाइस कार्य, प्रोफाइल अपडेशन, फेल्ड अकाउंट करेक्शन कार्य आगामी दो दिवस में पूर्ण करने निर्देशित किया।

बैठक में सहायक संचालक आर के बधान, एपीसी मोनिका लकड़ा,बीईओ सरिता तंतुवाय ,बीएसी अजय रजक, सहित शहरी क्षेत्र सभी प्राचार्य, बीएसी जनशिक्षक उपस्थित रहे।

### शहरी क्षेत्र में पांच केंद्र बनाएं गये

आधार अपडेशन के लिए शहरी क्षेत्र में पांच केंद्र बनाए गए हैं जिसमें महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमरहाई दमोहनाका, शासकीय उच्चतर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारबाग , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गणेशगंज आधार अपडेशन केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए 5 वर्ष से 7 वर्ष की आयु वर्ग तथा 15वर्ष से 17 वर्ष आयुवर्ग तक के छात्र-छात्राओं का आधार अपडेशन नि:शुल्क किया जा रहा है, बाकी आयु वर्ग के लिए 50 रुपए का न्यूनतम शुल्क निर्धारित है।

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्योरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा ( हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरूष) अस्थमा
IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER